| जिला–धौलपुर<br>उपलब्धियां |
| --- |
| **उच्च शिक्षा विभाग** |
| मनियां (राजाखेड़ा), सैपऊ, सरमथुरा एवं बसईनवाब में **नवीन राजकीय महाविद्यालय** खोले गये। |
| बाड़ी तथा मरैना (राजाखेड़ा) में **राजकीय कन्या महाविद्यालय** खोले गये। |
| बसेडी एवं धौलपुर में **कृषि महाविद्यालय** खोला गया। |
| राजकीय महाविद्यालय बाड़ी एवं कन्या महाविद्यालय धौलपुर का **स्नातक से पीजी में क्रमोन्नयन** गया। |
| राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में **विज्ञान व गणित संकाय** प्रारंभ किये। |
| जिले में Online examination सुविधायुक्त Examination Centre बनाया जायेगा। |
| **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग** |
| बाड़ी के **उप जिला अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किया गया। |
| राजाखेड़ा में **उप जिला चिकित्सालय** खोला गया। |
| मनियां (राजाखेड़ा) में **नवीन ट्रोमा सेन्टर** खोला गया। |
| मरैना (राजाखेड़ा) एवं नादनपुर (बसेड़ी) के **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र** में क्रमोन्नत किया गया। |
| बाड़ी में **ब्लड बैंक** की स्थापना किये जाने हेतु पदों सहित भवन निर्माण एवं उपकरणों की स्वीकृति जारी। |
| खेरली (राजाखेड़ा), कैथरी (सैपऊ) एवं मछरिया (राजाखेड़ा) के **उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** में क्रमोन्नत किया गया। |
| जारगा (बसेड़ी) में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला** गया। |
| छपरौली एवं बौरेली (बसेड़ी) में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी।** |
| जिला चिकित्सालय–धौलपुर की बेड क्षमता में 100 बेड की वृद्धि, सामान्य अस्पताल बाड़ी में 150 से 200 बेड, सीएचसी बसेड़ी में 50 से 100 बेड, सीएचसी सरमथुरा एवं बसई नवाब में 30 से 50 बेड एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनिया में 20 बेड़ की वृद्धि की गई। |
| धौलपुर के दूरस्थ क्षेत्रों में चयनित खण्डों पर मातृत्व संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 3 **ममता एक्सप्रेस वाहनों का संचालन** प्रारम्भ। |
| नवसृजित पंचायत संमिति, सरमथुरा में **ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थापित** किया गया। |
| जिला स्तर पर Mobile Testing Lab उपलब्ध कराने हेतु क्रयादेश जारी। |
| जिला स्तर पर Food Safety and Drug Control Office की स्थापना की जायेगी। |
| **चिकित्सा शिक्षा विभाग** |
| धौलपुर जिले में 60 सीटों के साथ अकादमिक सत्र 2021–22 से **नर्सिंग महाविद्यालय** प्रारम्भ। |

| जिला–धौलपुर<br>उपलब्धियां |
|---|
| धौलपुर में नवीन **मेडिकल कॉलेज** खोलने की स्वीकृति जारी कर शैक्षणिक सत्र 2022–23 से प्रारम्भ। शैक्षणिक ब्लॉक एलओपी पार्ट प्रथम एवं रेजिडेन्ट हॉस्टल का प्रथम से तृतीय तल तथा बालक–बालिका हॉस्टल का निर्माण कार्य पूर्ण। |
| चिकित्सा महाविद्यालय में IT based अध्ययन–अध्यापन के लिए Smart Classroom बनाये जायेंगे। |
| **पशुपालन विभाग** |
| राजाखेड़ा के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया गया। |
| कैथरी (सैपऊ) के पशु चिकित्सा **उप केन्द्र को पशु चिकित्सालय** में क्रमोन्नत किया गया। |
| जैतपुर (राजाखेड़ा) में पशु चिकित्सा उप केन्द्र खोला गया। |
| पशु आहार की गुणवत्ता जांच के लिए जिले मेंa Testing Lab की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| **ऊर्जा विभाग** |
| ग्राम पंचायत बागथर बसेड़ी तथा खेड़ली (राजाखेड़ा) में **33 केवी सब स्टेशन** की स्थापना का कार्य प्रगतिरत। |
| बाड़ी के 132 केवी जीएसएस को **220 केवी के जीएसएस में क्रमोन्नत** किये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। भूमि का पजेशन प्राप्त। |
| मनियां (राजाखेड़ा) में **220 केवी सब स्टेशन** की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित। |
| धौलपुर में **400 केवी जीएसएस** अनुमोदित कर भूमि आवंटित। |
| अम्बिका (राजाखेड़ा) में 132 केवी जीएसएस की स्थापना हेतु भूमि आवंटित। |
| डण्डौली एवं रहसैना (राजाखेडा) में 33/11 केवी सब स्टेशन की स्थापना हेतु भूमि आवंटित। |
| **गृह विभाग** |
| धौलपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडीएफ) कार्यालय खोला गया। |
| सोने का गुर्जा (बाड़ी) एवं अंगाई की पुलिस चौकी को पुलिस थाने में क्रमोन्नत किया गया। |
| तुलसी वन रोड, बिजौली, सेवर (बाड़ी) एवं मालौनीखुर्द में **नवीन पुलिस चौकियां** खोली गई। |
| जिला स्तर पर 24x7 काम करने हेतु विशेष तकनीकी योग्यता रखने वाली Quick Investigation Disposal Team गठित की गई। |
| जिला कारागृह में पुस्तकालय की स्थापना की जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| **कृषि विभाग** |
| राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के अंतर्गत सरसों के लिए **Processing Units** को 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 करोड़ रुपये तक) का अनुदान दिए जाने हेतु राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन योजना, 2019 के अंतर्गत संशोधन की अधिसूचना जारी। |

# जिला–धौलपुर
## उपलब्धियां

| |
|---|
| जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में **हाइब्रिड नेपियर घास** (बहुवर्षीय चारा फसल) के exhibitions लगाये जाने हेतु जिलेवार लक्ष्य जारी। आन–लाईन आवेदन हेतु माडयूल तैयार कर आन–लाईन आवेदन प्राप्त। |
| **मधुमक्खी पालन** को प्रोत्साहित करने हेतु जिले के किसानों के लिए अनुदान योजना हेतु राशि 25.67 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी। |
| धौलपुर में **मिनी फूड पार्क स्थापित** किये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| राजस्थान सूक्ष्म सिंचाई मिशन के अन्तर्गत जिले के over exploited भूजल ब्लॉक्स के क्षेत्र को सम्पूर्ण रूप से सूक्ष्म सिंचाई (Drip and Sprinkler) के तहत सम्मिलित किये जाने हेतु एमआईएफ के तहत नाबार्ड द्वारा राशि स्वीकृत। |
| धौलपुर Community Lift Irrigation Scheme के अंतर्गत धौलपुर, राजाखेड़ा व सेपऊ के 28 हजार 800 हेक्टेयर नहरी क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई के तहत शामिल किया जायेगा। इससे 15 हजार किसान लाभान्वित होंगे। |
| **कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग** |
| ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित तथा संरक्षित रखने के लिए तालाब–ए–शाही स्मारक, पुरानी छावनी स्मारक, मचकुण्ड (पश्चिमी घाट), भग्नावशेष चौपडा महादेव मन्दिर के सामने–दमापुर के पुनरूद्धार एवं संरक्षण कार्य पूर्ण। |
| **संस्कृत शिक्षा विभाग** |
| धौर्र (बसेड़ी) एवं बरैठा कलां (राजाखेड़ा) के राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों को राजकीय प्रवेशिका विद्यालयों में क्रमोन्नत किया गया। |
| **स्कूल शिक्षा विभाग** |
| कोचिंग के अलावा अच्छे माहौल में अध्ययन की सुविधा हेतु जिला पुस्तकालय में **सावित्री बाई फूले वाचनालय की स्थापना की गई।** |
| समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर **सावित्री बाई फूले वाचनालय मय digital library** स्थापित किये जायेंगे। |
| **तकनीकी शिक्षा विभाग** |
| धौलपुर के राजकीय सहशिक्षा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में Non–Engineering शाखा प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **वित्त विभाग** |
| जिला मुख्यालय पर सप्ताह के सातों दिन पंजीयन कराने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। |
| **वन विभाग** |
| राज्य में इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022–23 में 2 करोड़ रुपये की लागत से **दमोह वाटरफॉल** में वन क्षेत्र तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए एक **इको–टूरिज्म लव–कुश वाटिका** विकसित किये जाने का कार्य प्रगतिरत। |

| जिला–धौलपुर<br>उपलब्धियां |
|---|
| इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023–24 में 2 करोड़ रुपये की लागत से **मदनपुर** में वन क्षेत्र तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए एक **इको–टूरिज्म लव–कुश वाटिका** विकसित किये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| युवाओं को वन क्षेत्रों में **हाइकिंग, ट्रेकिंग, कैम्पिंग एवं अन्य रोमांचकारी** गतिविधियों से जोड़ने के लिए दमोह में कार्य करवाये जाने की स्वीकृति जारी। |
| Rajasthan Greening and Rewilding Mission के तहत बाघों (Tigers) को बेहतर इको सिस्टम उपलब्ध कराने के लिए टाईगर रिजर्व मुकुन्दरा हिल्स–कोटा, धौलपुर में कार्य करवाये जायेंगे। |
| प्रदेश में हरियाली एवं वन्य जीव संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन्य एवं वन्यजीवों सम्बन्धी गतिविधियों में दीर्घकालीन निवेश हेतु राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP) के अन्तर्गत जिले में **वृक्षारोपण, ओरण विकास, पौध वितरण आजीविका संवर्द्धन** गतिविधियों सहित अन्य कार्य करवाये जायेंगे। |
| जिला मुख्यालय स्थित नगरीय निकायों में सुविधायुक्त सिटी पार्क बनाये जाने के साथ–साथ मौजूदा शहरी वन क्षेत्रों में सुधार व विकास हेतु विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे। |
| **उद्योग विभाग** |
| बसेडी औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु विकास कार्य प्रगतिरत एवं भूखण्ड आवंटन हेतु खोले गये। |
| राजाखेड़ा, सरमथुरा एवं सेपऊ उपखण्डों में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जायेगी। |
| **विधि एवं विधिक कार्य विभाग** |
| सरमथुरा में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायाल**य खोला गया। |
| सैंपऊ एवं बसेड़ी में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** (CJJM) खोले गये। |
| बाल एवं यौन अपराधों के पीड़ितों एवं अन्य संवेदनशील गवाहों को सुरक्षित वातावरण में गवाही की सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से जिले में Vulnerable Witness Deposition Centre की स्थापना हेतु स्वीकृति जारी। |
| राजाखेड़ा में अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय खोला जायेगा। |
| **स्वायत्त शासन विभाग** |
| सरमथुरा एवं बसेड़ी में **नवीन नगरपालिकाओं** का गठन किया गया। |
| नगरपालिका बाड़ी को उच्च श्रेणी में क्रमोन्नत किया गया। |
| धौलपुर में **शहीद स्मारक** का निर्माण कार्य पूर्ण। |
| राजाखेड़ा तथा बाड़ी में Faecal Sludge Treatment Plants (FSTP) निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| धौलपुर में **टाउन हॉल** का निर्माण कार्य प्रगतिरत। 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण। |
| 3 करोड रूपये की लागत से राजाखेड़ा में बाईपास रोड पुलिस चौकी से आगरा चूंगी तक सौन्दर्यीकरण का कार्य करवाया जायेगा। |
| 20 करोड रूपये की लागत से बाडी में सीवर लाईन के कार्य करवाये जायेंगे। |

| जिला–धौलपुर<br>उपलब्धियां |
|---|
| 5 करोड रूपये की लागत से धौलपुर में सैपऊ मुख्य चौराहे से भरतपुर रोड, बसई नवाब रोड, बाड़ी रोड सालेपुर रोड में नाला निर्माण कार्य करवाया जायेगा। |
| **अल्पसंख्यक मामलात विभाग** |
| धौलपुर में **अल्पसंख्यक बालक छात्रावास** निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| धौलपुर में अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास निर्माण हेतु भूमि आवंटित। |
| **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग** |
| राजाखेड़ा कस्बे की पेयजल समस्या के निदान हेतु नये स्त्रोत का निर्माण, स्वच्छ जलाशय का निर्माण, राइजिंग तथा वितरण पाईपलाईन इत्यादि कार्य कर पेयजल योजना का पुनर्गठन किया गया। |
| 87 करोड़ रूपये की लागत से **पार्वती बांध आधारित पेयजल परियोजना**–बसेड़ी, सरमथुरा का कार्य प्रगतिरत। |
| 38.86 करोड़ रुपये की लागत से बाड़ी में **उच्च जलाशयों की क्षमता बढ़ाने**, स्रोतों का निर्माण एवं जल वितरण प्रणाली के पुनर्गठन कार्य प्रगतिरत। |
| जल जीवन मिशन के अंतर्गत 343.39 करोड़ रूपये की लागत से **राजाखेड़ा एवं धौलपुर पेयजल परियोजना**, जिला धौलपुर का कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति जारी। |
| 3,106 करोड़ रूपये की लागत से **चंबल–धौलपुर–भरतपुर वृहद पेयजल परियोजना** प्रारंभ किये जाने की स्वीकृति जारी। |
| सतही जल के माध्यम से Sustained Water Supply उपलब्ध कराने की दृष्टि से 822 करोड रूपये की लागत से चम्बल नदी आधारित कालीतीर परियोजना–बाडी, बसेडी– धौलपुर, बयाना–भरतपुर वृहद् पेयजल योजना प्रारंभ की जायेगी। |
| **सार्वजनिक निर्माण विभाग** |
| 84 करोड़ रूपये की लागत से चम्बल नदी, **सोने का गुर्जा (सेवरपाली) बाड़ी–धौलपुर पुल** का निर्माण कार्य पूर्ण। |
| 34.60 करोड़ रूपये की लागत से निम्न तीन क्षतिग्रस्त सड़कों बरसला से कठूमरी से सिकरवारों का अड्डा वाया जैतपुर–बाहरीपुरा–चीलपुरा (राजाखेड़ा) के मेजर रिपेयर एवं उन्नयन कार्य प्रगतिरत एवं धौलपुर राजाखेड़ा सड़क से काटरपुरा उत्तरप्रदेश सीमा तक वाया सौमली का घेर–चौधरी का बाग–डिरावली (राजाखेड़ा) तथा सड़क जाटोली से कुथियाना (धौलपुर) के मेजर रिपेयर एवं उन्नयन कार्य पूर्ण। |
| 11.20 करोड़ रु की लागत से 11.20 किमी लम्बाई में धौलपुर जिले के बसेड़ी–जगनेर रोड (बसेड़ी) सडक के **मेजर रिपेयर** कार्य पूर्ण। |
| 11 करोड़ रुपये की लागत से कोटपुरा–बिचोला, परसोदा, लालू का पुरा, लाठवावाली माता, राधेपुरा, श्रीपाल की गढ़ी, कसियापुरा, बाजना, जवाहर का पुरा, दगरा, बरसला, खोड, पक्कापुरा से शंकरपुरा (27 किलोमीटर) (राजाखेड़ा–धौलपुर) **सड़क** कार्य पूर्ण। |

| **जिला–धौलपुर**<br>**उपलब्धियां** |
| --- |
| 10 करोड़ रुपये की लागत से **राजा के नंगला से सालेपुर, बाड़ी रोड घटिया से चौराहा सैपऊ तक व बाड़ी रोड सैपऊ से बसेड़ी रोड तक सीसी सड़क** कुल 6 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूर्ण। |
| 4.47 करोड़ रुपये की लागत से 8 किमी. लम्बाई में बाड़ी–बसेड़ी मुख्य सड़क के नहर के किनारे होते हुए ग्राम कुहावनी से **डबोकपुरा व हुसैनपुरा तक सड़क** (बाड़ी–धौलपुर) कार्य पूर्ण। |
| 18 करोड़ रु की लागत से 8 किमी लम्बाई में बाड़ी रोड से भरतपुर धौलपुर रोड को जोड़ते हुए **सैंपऊ में बाईपास** के कार्य पूर्ण। |
| 48 करोड़ रु की लागत से 12 किमी लम्बाई में **बाड़ी शहर में रिंग रोड का निर्माण** कार्य पूर्ण। |
| धौलपुर जिले में क्षतिग्रस्त सड़क सरमथुरा–झीरी लम्बाई 20 किमी का **सुदृढ़ीकरण का कार्य** पूर्ण। |
| बसेड़ी में **अधिशाषी अभियंता** (सार्वजनिक निर्माण विभाग) कार्यालय खोला गया। |
| आगरा धौलपुर लाईन पर बरेठा पंचायत सेमरपुरा पर **रेलवे अंडरपास का निर्माण** कार्य प्रगतिरत। |
| 25 करोड़ रूपये की लागत से **नगला वीधौरा (बाड़ी) से बसेड़ी के मध्य नदी पर पुल** (धौलपुर) निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 10 करोड़ रुपये की लागत से सरमथुरा से नादनपुर के मध्य **पुल निर्माण** (बसेड़ी–धौलपुर) कार्य प्रगतिरत। |
| 8 करोड रूपये की लागत से बाडी सैपऊ खेडागढ़ सड़क स्टेट हाईवे 42 पर **सम्बरसेबल ब्रिज** (धौलपुर) का निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 4 करोड़ रूपये की लागत से हथवारी खेरिया मार्ग पर पुल निर्माण (राजाखेड़ा, धौलपुर) करवाये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| 18 करोड़ रुपये की लागत से 18 किमी. लम्बाई में धौलपुर से नगर वाया मोरोली सहरोन तक सड़क निर्माण/उन्नयन कार्य करवाने की स्वीकृति जारी। |
| 15.10 करोड़ रूपये की लागत से 5 किमी लम्बाई में बसई नबाव में बाईपास रोड का निर्माण करवाये जाने की स्वीकृति जारी। |
| 15 करोड़ रूपये की लागत से 35.80 किमी लम्बाई में धौलपुर के बाड़ी में मिसिंग व सम्पर्क सड़कों का कार्य करवाये जाने की स्वीकृति जारी। |
| 14 करोड़ रुपये की लागत से धौलपुर में सरमथुरा रोड (बाड़ी) नाले पर 2 पुलिया का निर्माण (धौलपुर) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 14 करोड़ रुपये की लागत से मालौनीखुर्द में पार्वती नदी पर पुल निर्माण कार्य (सेपऊ, धौलपुर) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 14 करोड़ रुपये की लागत से सखवारा में पार्वती नदी पर पुल निर्माण कार्य (सेपऊ, धौलपुर) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |

| जिला–धौलपुर<br>उपलब्धियां |
|---|
| 14 करोड़ रूपये की लागत से अंधियारी गढ़ी जाफर मार्ग पर पुल निर्माण कार्य (राजाखेड़ा, धौलपुर) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 14 करोड़ रुपये की लागत से ग्राम टोंटरी, पुरा मदारी के पास पार्वती नदी पर पुलिया (बाडी, धौलपुर) का निर्माण कार्य करवाने की स्वीकृति जारी। |
| 13 करोड़ रुपये की लागत से 6.5 किमी लम्बाई में जगदीश चौराहे से भागीरथपुरा तिराहा एनएच 123 धौलपुर (सैपऊ) रोड तक सडक निर्माण/उन्नयन कार्य करवाने की स्वीकृति जारी। |
| जिले की निम्न 5 महत्वपूर्ण क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण, रिपेयर एवं उन्नयन कार्यो हेतु 195.50 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारीः–<br>कछियारा–विडार से बसई कारे वाया अंधियारी–गढ़ी जाफर हथवारी खेरिया –सरकंडी डौडे का पुरा, बसई कारे– सविता नगर–नगर घटा (28 किमी.) (राजाखेड़ा)<br>चांडियान का पुरा से दुवाटी घेर वाया चीलपुरा, रैहना वाली माता–अन्तापुरा– मांगरौल–नकटपुरा करश देव मन्दिर–इन्छापुरा–हरदयालकापुरा चौंची का पुरा (40 किमी.) (राजाखेड़ा, धौलपुर)<br>धौलपुर से करनपुर वाया सोने का गुर्जा– सरमथुरा–चन्देलीपुरा–मडरायल (81 किमी) (धौलपुर, बाडी, सरमथुरा)<br>धौलपुर से महुआखेड़ा वाया सरानीखेड़ा, बसेड़ी से मासलपुर (34.40 किमी.) (धौलपुर, बाड़ी, बसेड़ी)<br>नादनपुर मोड से सरमथुरा, सरमथुरा से झिरी (43 किमी.) (बसेड़ी, सरमथुरा) |
| **राजस्व विभाग** |
| मनिया तथा बसई नवाब उप तहसील को **तहसील में क्रमोन्नत** किया गया। |
| जारगा (बसेड़ी) एवं मरैना (राजाखेड़ा) में नादनपुर (बसेड़ी) **उप तहसील कार्यालय खोले गये।** |
| कोलारी में **उप तहसील कार्यालय** खोले जाने हेतु प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त। |
| **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** |
| विज्ञान को Night Sky Astro Tourism के माध्यम से आम जन से जोड़ने एवं इसके प्रचार हेतु उच्च स्तरीय रिज्योल्यूशन के टेलिस्कोप स्थापित किये जायेंगे। |
| **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** |
| सरमथुरा में **अनुसूचित जाति छात्रवास** का निर्माण कार्य प्रगतिरत। वर्तमान में छात्रावास किराये के भवन में संचालित। |
| मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के अंतर्गत जिले में 75 क्षमता के **पुनर्वास गृह** का चयनित संस्था के माध्यम से संचालन हेतु आदेश जारी। किराये के भवन में संचालित। भूमि आवंटित। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| प्रदेश के युवाओं को शराब एवं नशे की लत जैसे व्यसनो से मुक्ति दिलाने की दृष्टि से धौलपुर में नशामुक्ति केन्द्र खोलना/सुदृढ़ करवाने का कार्य किया जायेगा। |

| जिला–धौलपुर<br>उपलब्धियां |
|---|
| कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से उनके रहने की सुविधा हेतु जिला मुख्यालय पर 50 महिलाओं के लिए 'Indira Gandhi Working Women Hostel' बनाने हेतु भूमि आवंटित। |
| प्रतिष्ठित NGOs के माध्यम से जिले में राजकीय मानसिक विमंदित, मूक, बधिर, नेत्रहीन श्रेणी का विशेष योग्यजन विद्यालय खोले जायेंगे। |
| **आयुर्वेद विभाग** |
| समस्त ब्लॉकों पर **होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा** उपलब्ध करवाये जाने हेतु पदों सहीत स्वीकृति जारी। |
| **खेल एवं युवा मामलात विभाग** |
| बाड़ी, सैपऊ एवं राजाखेड़ा में खेल स्टेडियम बनाये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| मनियां में खेल स्टेडियम निर्माण एवं विकास कार्य करवाये जाने की वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| जिला स्टेडियम में **Open Gym** स्थापित किए जायेंगे। |
| विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला मुख्यालय पर 100 आवासीय क्षमता का **'विवेकानन्द यूथ हॉस्टल'** बनाया जायेगा। |
| धौलपुर में Multipurpose Indoor Hall बनाया जायेगा। |
| **पर्यटन विभाग** |
| जिले में पर्यटन विकास के लिये 2 पर्यटक स्थल **मंदिर श्री हनुमान जी किला शेरगढ़ एवं चम्बल सफारी धौलपुर** में जन सुविधाएं एवं अन्य विकास कार्य 3 करोड़ रूपये की लागत से करवाये जायेंगे। |
| तालाबशाही में **संरक्षण व जीर्णोद्वार** कार्य करवायें जायेंगे। |
| **शांति एवं अहिंसा विभाग** |
| ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायत/वार्ड स्तर पर **महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र** स्थापित किये जायेंगे। |
| **कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग** |
| जिला मुख्यालय पर संचालित ITIs में Solar Technician ट्रेड प्रारम्भ करने हेतु 2 व्यवसाय खोले जाने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| जिला मुख्यालय पर एक ITI को **'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस'** के रूप में विकसित किया जायेगा। |
| **जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग** |
| सरमथुरा (बसेड़ी) में जनजाति छात्रावास खोले जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित। |
| **परिवहन विभाग** |
| जिला स्तर पर Road Safety Task Force का गठन किया गया। |

| जिला–धौलपुर<br>उपलब्धियां |
|---|
| **जल संसाधन विभाग** |
| 5.74 करोड़ रुपये की लागत से सिलवट (राजाखेड़ा) में पार्वती नदी पर **एनिकट** निर्माण कार्य पूर्ण। |
| **'राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना'** के तहत धौलपुर की उर्मिला सागर एवं राम सागर सिंचाई परियोजना का जीर्णोद्धार कार्य प्रगतिरत। |
| **रिपेयर–रिनोवेशन–रेस्टोरेशन (RRR) योजना** के अन्तर्गत हुसेनपुर एवं उमराह जलाशय को पुर्नजीवित करने के कार्य प्रगतिरत। |
| राज्य में सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए ई.आर.एम. ऑफ केनाल सिस्टम ऑफ तालाबशाही बांध का कार्य पूर्ण व धौलपुर में रिमेनिंग वर्क ऑफ केनाल ऑफ पार्वती डेम के 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण। |
| **जिले में कालीतीर चम्बल लिफ्ट परियोजना** की डीपीआर हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। 2.85 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया। परियोजना से धौलपुर जिले के राजाखेड़ा, धौलपुर, बाड़ी एवं बसेड़ी क्षेत्र लाभान्वित होंगे। |
| 8 करोड़ रुपये की लागत से **सौर ऊर्जा आधारित टोडपुरा एनिकट सिंचाई परियोजना (बाड़ी)** के कार्य प्रारंभ करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| प्रदेश के 13 जिलों यथा–अजमेर, अलवर, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, **धौलपुर**, झालावाड, भरतपुर, दौसा, जयपुर एवं टोंक के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP) जीवनदायिनी साबित होगी, इसीलिए अपने वित्तीय संसाधनों से ERCP का कार्य निरन्तर जारी रखेंगे। अभी तक एक हजार 284 करोड़ रुपये व्यय कर नवनेरा बैराज एवं ईसरदा बांध के कार्य प्रगतिरत है। ERCP Corporation के माध्यम से 13 हजार करोड़ रुपये के कार्य करवायें जायेंगे। जिसके तहत रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज एवं नवनेरा–गलवा–इसरदा–बीसलपुर लिंक हेतु राशि 14200 करोड़ रूपये के कार्यो की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |